**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 18 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वामी रामकृष्ण परमहंस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 'मां काली' के प्रति गहरी भक्ति ने उनके अनुयायियों को काफी प्रभावित किया।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में सफल होगा और वर्ष 2029 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट से विकसित भारत के चार स्तंभों - गरीब, युवा, किसान व महिलाओं - को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।श्री नायब सिंह सैनी कल रोहतक जिले के गांव खरावड़ स्थित एल पी एस बोसाई कंपनी में मशीनिंग सेंटर एवं मैमोग्राफी बस के उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कंपनी  द्वारा जनहित में रक्तदान तथा सामान्य जांच की दो बसें संचालित की जा रही हैं। अब महिलाओं के कैंसर की जांच के लिए मैमोग्राफी बस शुरू की गई है ।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल रोहतक में नगर निगम  के महापौर के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामअवतार वाल्मीकि के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से पार्टी उम्मीदवार को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**********************************************************************

हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय **कृषि दर्शन प्रदर्शनी** कल शाम सम्पन्न हो गई ।प्रदर्शनी में हरियाणा के साथ-साथ पंजाब,राजस्थान, दिल्ली व उत्तर प्रदेश के किसानों ने भाग लिया।संस्थान के निदेशक डॉ मुकेश जैन ने बताया कि प्रदर्शनी के पहले दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाजार के लिए आधुनिक ट्रैक्टर और कृषि उपकरण जारी किए। दूसरे दिन कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया।डॉ जैन ने बताया कि कृषि मेले में ड्रोन का भी खूब बोलबाला रहा।

उन्होंने बताया कि किसानों को सौर ऊर्जा बारे भी जानकारी दी गई।

**********************************************************************

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अकादमिक मामलों के डीन प्रो. ए.एस. मान ने शोधार्थियों को गुणवत्तापरक शोध के लिए विषय की गहरी समझ और व्यावहारिक कौशल विकसित करने और शोध के जरिए नवाचार को बढ़ावा देने का आह्वान किया है । वे कल विश्वविद्यालय में शोध प्रविधि कार्यशाला के शुभारंभ पर शोधार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समय की जरूरत है कि शोधार्थी, विशेषज्ञ और संगठन एक साथ मिलकर शोध कार्य करें। उन्होंने शोध में समालोचनात्मक चिंतन विकसित करने की बात कही, जिससे सटीक, तार्किक और निष्पक्ष निष्कर्ष निकलने में मदद मिले। प्रो. मान ने शोध संसाधनों को साझा करने पर बल दिया।विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि शोध नए ज्ञान की खोज की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शोध कार्य योजनाबद्ध, तार्किक और प्रमाण आधारित होना चाहिए।

**********************************************************************

खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसराऔर अंतिम चरण पर्याप्त हिमपात न होने के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह खेल प्रतियोगिता पहले जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में 22 फरवरी से शुरू होने वाली थी। गुलमर्ग के कंगदूरी और गोल्फ कोर्स क्लब में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग,स्कीइंग माउंटेनियरिंग और स्नो बोर्डिंग की प्रतियोगिताए होने वाली थीं। मौसम अनुकूल होने के बाद इनका संशोधित कार्यक्रम जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शीतकालीन खेलों कापहला चरण पिछले महीने की 23 से 27 तारीख तक लद्दाख में आयोजित किया गया था।